भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3228
07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

हृदय और यकृत प्रत्यारोपण सेवाएं

†3228. श्री राजीव राय:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि संकाय सदस्यों के अभाव या अन्य कारणों से एम्स, नई दिल्ली में हृदय प्रत्यारोपण और यकृत प्रत्यारोपण सेवाएं बाधित, निलंबित या अत्यधिक कम हो गई हैं और यदि हां, तो उक्त व्यवधान की अवधि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) गत पांच वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान एम्स, नई दिल्ली में किए गए हृदय प्रत्यारोपण और यकृत प्रत्यारोपण की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) वर्तमान में एम्स, नई दिल्ली में हृदय प्रत्यारोपण और यकृत प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची में शामिल मरीजों की संख्या कितनी है तथा गत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार स्थगित या रद्द की गई शल्य चिकित्साओं की संख्या कितनी है; और

(घ) सरकार द्वारा कब तक पूर्ण प्रत्यारोपण सेवाओं की इष्टतम क्षमता के साथ कार्य करने की संभावना है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): एम्स, नई दिल्ली में हृदय और यकृत प्रत्यारोपण सेवाओं में कोई व्यवधान या निलंबन नहीं हुआ है।

(ख): पिछले पाँच वर्षों के दौरान किए गए हृदय और यकृत प्रत्यारोपों की संख्या निम्नलिखित है: -

क्र.सं.	वर्ष	हृदय प्रत्यारोपण	यकृत प्रत्यारोपण
1.	2021	02	00
2.	2022	06	04
3.	2023	05	07
4.	2024	06	03
5.	2025	00	04

(ग): वर्तमान में, एम्स, नई दिल्ली की सक्रिय प्रतीक्षा सूची में हृदय प्रत्यारोपण के लिए 02 रोगी और यकृत प्रत्यारोपण के लिए 11 रोगी हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान कोई भी प्रत्यारोपण सर्जरी स्थगित या रद्द नहीं की गई है।

(घ): एम्स, नई दिल्ली में प्रत्यारोपण सेवाएँ कार्यशील हैं। इन सेवाओं की प्रभावशीलता कई कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें दाता-अंग की उपलब्धता और प्राप्तकर्ता की उपयुक्तता शामिल हैं।

*****